मतदान गति तेज करने पर किया जा रहा फोकस : के रवि कुमार

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत और मतदान की गति बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार से मतदाता सूचना पर्ची हर मतदाता तक पहुंचाने का का? शुरू होगा। उन्होंने गुरुवार को यह जानकारी निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत में दी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांच नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस दौरान अपने ठिकाने पर अनुपस्थित मतदाता, जिनका निधन हो चुका हो या जो किसी दूसरे स्थान पर चले गये हों, उनकी मतदाता सूचना पर्ची पांच नवंबर के बाद निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा कराना होता है। उस सूचना पर्ची का गलत उपयोग रोकने के लिए उसकी गिनती कर सीलबंद कर दिया जाता है।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूचना पर्ची में अंकित पार्ट नंबर और सीरियल नंबर को नोट कर ही मतदान करने जायें। मतदाता सूचना पर्ची पर अंकित पार्ट नंबर और सीरियल नंबर को घेरे के भीतर दशार्या जाएगा। सीरियल नंबर से मतदाताओं का नाम खोजने में समय जाया नहीं होगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की सहूलियत होगी। क्योंकि नाम से मतदाता की जानकारी खोजने में काफी समय बर्बाद होता है और उसका असर मतदान की गति पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से एक मतदाता महज डेढ़ मिनट के भीतर मतदान की पूरी प्रक्रिया पूरी कर लेगा। इससे मतदान समय काफी कम हो जाएगा और मतदाता अनावश्यक परेशानी से भी बच सकेंगे।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 27 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

भाजपा में भगदड़ से नेता हैरान परेशान: डॉ मनोज

रांची : झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा में भगदड़ से भाजपा नेता हैरान और परेशान है जिसका नतीजा है भाजपा नेता अलुल जलूल बयानबाजी कर रहे जो हताशा का परिचायक है। भाजपा को अपने नेताओं पर भरोसा और विश्वाश उठ चुका जिसके कारण भाजपा के समर्पित नेताओं को प्रत्याशी नहीं बना कर दूसरे दलों से पलायन करने वालों को भाजपा प्रत्याशी बनाई है जिसका नतीजा है कि भाजपा के कई पूर्व मंत्री विधायक भाजपा को अलबिदा कर दिए इसलिए भाजपा को अभी से हार सताने लगी है जिसके कारण भाजपा के जो भी नेता आते है सिर्फ और सिर्फ घुसपैठियों की बात करते है यदि घुसपैठ हो रहा है तो केंद्र सरकार क्या कर रही गृह विभाग क्या कर रहा है केंद्र में तो भाजपा की सरकार है, इसका भी जवाब जनता को देना चाहिए। राज्य की जनता जानती है कि भाजपा का चाल चरित्र और नीति क्या है इसलिए भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है।

कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 में देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे आकर्षण का केंद्र

रांची : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) द्वारा आयोजित कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस (CIMECON) 2024, 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक दरभंगा हाउस, उउछ के कन्वेंशन सेंटर, राँची में आयोजित होगी। इस वार्षिक सम्मेलन का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएं वर्तमान और भविष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप और उटर मीट के साथ प्रारंभ होगा।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता शामिल होंगे, जो चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हालिया प्रगति और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियों के लगभग 300 डॉक्टर हिस्सा लेंगे, जिससे उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और उन्नत तकनीकों से अवगत होने का अवसर मिलेगा।

विशेष आकर्षण के रूप में, देश के चार प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर अपने गहन अनुभव और योगदान को साझा करेंगे :

1. पद्म भूषण डॉ. एस. के. सरीन - निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज (ILBS), नई दिल्ली, डॉ. सरीन हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने भारत में लिवर केयर को उन्नत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।
2. पद्मश्री डॉ. एन. के. पांडे - चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIMS), फरीदाबाद, डॉ. पांडे भारत में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। उन्होंने भारत में लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
3. पद्मश्री डॉ. रणदीप गुलेरिया -पूर्व निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIMS), नई दिल्ली, वर्तमान में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन और रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के चेयरमैन हैं। COVID-19 महामारी के दौरान, डॉ. गुलेरिया एक प्रमुख सलाहकार थे और उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
4. पद्मश्री डॉ. जे. एस. टिटियाल - मुख्य, डॉ. आर.पी. सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, AIMS, नई दिल्ली, डॉ. टिटियाल ने मोतियाबिंद सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन और रिफ्रैक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मेलन कोल इंडिया के चिकित्सा समुदाय को एक साझा मंच पर लाकर ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा, जिससे हमारे डॉक्टरों की क्षमताओं का विकास होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

डॉ करमा उरांव जयंती समारोह का आयोजन

रांची : धर्मेस उरांव मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वाधान में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय रांची विश्वविद्यालय रांची में डॉक्टर करमा उरांव जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर मनय मुंडा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री बंधु तुर्की के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर करमा उरांव के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा आदिवासी समाज आदिवासियों के शिक्षा एवं विकास से संबंधित उनके प्रयास को विस्तृत रूप से रखा गया। उपस्थित लोग बात रखते हुए भावुक हो रहे थे। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि धर्मेश उरांव मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा डॉ करमा उरांव के विचारों एवं सपनों को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक कार्यक्रम किया जाएगा। डॉ करमा उरांव की धर्मपत्नी श्रीमती शांति उरांव एवं पुत्र शनि उरांव ने धर्मेस उरांव मेमोरियल फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस समारोह में पूर्व ए डी जी रेजी डुंगडुंग, पूर्व आई जी शीतल उरांव, रिटायर्ड आई एस उपेंद्र उरांव, राणा प्रताप उरांव अशोक चौधरी सुदेश साहू हेमंत टोप्पो, प्रो विंध्यवासिनी पांडएय, डॉ उमेश तिवारी, प्रो शशि बाला, मेरी सोरेन, बंधु भगत, बेलखस कुजूर, सविता केसरी, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, बलकू उरांव सहित सैंकड़ों लोग आदि उपस्थित हुए।

शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपूर्ण साइट के उन्मुखीकरण की कार्यशाला संपन्न

रांची : शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरन्डा (राजकीय औषधालय, राँची में संपूर्ण साइट के उन्मुखीकरण की कार्यशाला संपन्न। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरन्डा(राजकीय औषधालय), रांची की अध्यक्षता मे शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरन्डा में संपूर्ण साइट के उन्मुखीकरण के अंतर्गत परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं रीपोटिंग पर प्रशिक्षण का आयोजन पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के सभी चिकित्सा पदाधिकारी, जी.एन.एम, ए.एन.एम.परिवार नियोजन परामर्शदाता, लोक स्वास्थ्य प्रबन्धक और अकाउंट मैनेजर की उपस्थिति में दिनांक 24th October 2024 को कराया गया। इसमें पी.एस.आई. इंडिया प्रतिनिधि और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरन्डा के लोक स्वास्थ्य प्रबन्धक के द्वारा पी.एस.आई. इंडिया के द चैलेंज इनिशिएटिव कार्यक्रम में दी जा रही तकनीकी सहयोग के तहत परिवार नियोजन के विभिन्न विधियो(प्रसव उपरांत परिवार नियोजन विधि सहित), काउंसलिंग स्किल पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही सभी प्रतिभागियो से परिवार नियोजन की सेवाओं एवं रिपोटिंग को मजबूत करने पर बल दिया। इसके साथ ही परिवार नियोजन के विधियो से संबन्धित लाभार्थियो, उत्प्रेरक और सेवा प्रदाता को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि के बारे मे भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

उन्मुखीकरण सत्र का समापन पी.एस.आई. इंडिया के संतोष कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार और लोक स्वास्थ्य प्रबन्धक शिशिर रॉय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए चिराग

रांची : केंद्र सरकार में मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान चतरा विधानसभा से लोक जनशक्ति पार्टी एवं एनडीए समर्थित उम्मीदवार जनार्दन पासवान एवं सिमरिया से भाजपा एवं एनडीए समर्थित उम्मीदवार उज्जवल दास के नामांकन में शामिल हुए।

एनडीए समर्थित उम्मीदवारों के नामांकन में लोग जनशक्ति पार्टी के जमुई सांसद सर झारखंड प्रभारी अरुण भारती एवं सह प्रभारी राजेश रंजन पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान समेत पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

चतरा के थाना मैदान स्थित भारी जनसभा को सम्बोधित करते हुए चिराग पासवान ने अपने पार्टी एवं एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की। भारी बारिश के बाद भी उमड़े जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह परिवर्तन का समय है। मैं आप सबका आशीर्वाद माँगने आया हूं आप अपना आशीर्वाद देकर हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करें।

चिराग पासवान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरे पिताजी स्वर्गीय रामविलास पासवान के समृद्ध झारखण्ड के सपनों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित हूं।

चिराग पासवन के रहते हुए कभी भी संविधान एवं आरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगी। झामुमो एवं कांग्रेस की सरकार ने राज्य का बेड़ा गर्त कर दिया है एवं राज्य कि जनता को खतरे में डाल दिया है। झारखण्ड को भ्रस्टाचार और लूट की सरकार से मुक्त करने के लिए भाजपा की सरकार जरुरी है।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(सामान्य शाखा)
आम सूचना

विधान सभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को अपने स्थानीय थाना/ओ०पी०/आर्म्स डीलर के पास दिनांक 25.10.2024 के संध्या 04:00 बजे तक निश्चित् रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा शस्त्र आर्म्स डीलर के पास अपना शस्त्र जमा करने की स्थिति में पावती रसीद की छायाप्रति निश्चित् रूप से स्थानीय थाना/ओ०पी० को उपलब्ध करायेंगे। विधान सभा निर्वाचन, 2024 सम्पन्न होने के पश्चात् संबंधित थाना/ओ०पी० एवं आर्म्स डीलर से अपना शस्त्र वापस प्राप्त कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नही करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 339482 District(24-25)D

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-डब्ल्यूएस-आर-24, दिनांक 23.10.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 15.11.2024 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नामः** रेलवे स्टाफ (इटकी, नरकोपी, आकाशी, इरगाँव, हेन्द लासो भोक्ता बगीचा, सोनडिमरा, बकरकुड़ी, हसलांग, बेगुनकोदर) के लिए हॉल्ट एवं वे साइड स्टेशन में जल आपूर्ति की व्यवस्था के प्रावधान हेतु विद्युतीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 6,35,698.04; **ईएमडी/बोली सुरक्षाः** रु. 12,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 15.11.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-735)

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(घ) के साथ पठित धारा 62 और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15(1)(क) और विनियम 23 के साथ पठित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ विनियम के नियम व शर्तें) 2024 के अंतर्गत उत्तरी, पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र में **"बाढ़ ट्रांसमिशन सिस्टम" के तहत परिसंपत्तियों के लिए टैरिफ के निर्धारण हेतु याचिका।**
2. उपरोक्त वर्णित ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (i) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लि., (ii) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि., (iii) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ उड़ीसा लि., (iv) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, (v) विद्युत विभाग, सिक्किम सरकार, गंगटोक, (vi) झारखंड बिजली वितरण निगम लि., (vii) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि., (viii) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लि., (ix) विद्युत विभाग–गोवा, (x) डीएनएचडीडी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लि., (xi) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, (xii) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि., (xiii) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि., (xiv) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., (xv) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि., (xvi) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड, (xvii) हरियाणा पावर परचेज सेंटर, (xviii) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लि, (xix) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि., (xx) बीएसईएस यमुना पावर लि., (xxi) बीएसईएस राजधानी पावर लि., (xxii) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि., (xxiii) चंडीगढ़ विद्युत विभाग, (xxiv) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि., (xxv) उत्तर मध्य रेलवे, (xxvi) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और (xxvii) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड।
3. **टैरिफ विवरणः**

क) 2019–24 ब्लॉक

परिसंपत्ति विवरण	ई-सीओडी	31.03.2024 को पूर्णता लागत	टैरिफ	2019–20	2020–2021	2021–22	2022–23	2023–24
परिसंपत्ति–1	21.12.2010	264368.51	ट्रूइंग अप पर आधारित संशोधित एएफसी	34668.37	33229.71	32791.87	33411.70	24388.56
परिसंपत्ति–2	25.12.2010	134538.90		17618.95	16820.31	16332.68	16195.75	10570.38

ख) 2024–29 ब्लॉक

परिसंपत्ति विवरण	31.03.2029 को पूर्णता लागत	टैरिफ	2024–25	2025–26	2026–27	2027–28	2028–29
परिसंपत्ति–1	264477.51	एएफसी	24595.89	24484.75	24369.46	24305.46	24412.33
परिसंपत्ति–2	134609.91		10422.55	10351.01	10276.49	10205.44	10178.66

4. टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergridindia.com** पर प्रकाशित की गई है।
5. आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, आवेदक को उसके कारपोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित, सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, तीसरा एवं चौथा तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली–110001 (या अन्य पते पर जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जा सकती हैं।

स्थानः गुड़गांव
तिथिः 24.10.2024
हस्ता. /–
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

PG/CC/Notice-108/Advt-140/2024-25/VIVID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालयः "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सैक्टर–29, गुरुग्राम–122001, (हरियाणा), फोनः 0124–2571700–719
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016,
फोनः 011–26560112, 26560121 www.powergrid.in, CIN : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के द्वितीय चरण (2nd Phase) का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

प्रशिक्षण स्थल :–राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची
प्रशिक्षण कार्यक्रम

Training Date	Shift	Time	Duty	Pin Number
26 October 2024 (Saturday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340100006 to 340102576
	2nd	12.30 PM to 02.30 PM	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340102578 to 340105205
	3rd	03.30 PM to 05.30 PM	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340105206 to 340108259
27 October 2024 (Sunday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340108276 to 340112123
	2nd	12.30 PM to 02.30 PM	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340112125 to 340116293
	3rd	03.30 PM to 05.30 PM	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340116294 to 340120213
28 October 2024 (Monday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340120216 to 340122457
	2nd	12.30 PM to 02.30 PM	Presiding Officer, 1st Polling Officer	340122458 to 340122592
	3rd	03.30 PM to 05.30 PM	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340100065 to 340103554
29 October 2024 (Tuesday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340103567 to 340106394
	2nd	12.30 PM to 02.30 PM	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340106398 to 340109544
	3rd	03.30 PM to 05.30 PM	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340109551 to 340112641
30 October 2024 (Wednesday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340112646 to 340115094
	2nd	12.30 PM to 02.30 PM	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340115096 to 340116575
	3rd	03.30 PM to 05.30 PM	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340116577 to 340118599
01 November 2024 (Friday)	1st	10.00 AM to 12.00 Noon	2nd Polling Officer, 3rd Polling Officer	340118600 to 340122542

नोटः–
1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0 काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding Officer)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd Polling Officer)/सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 339477 Ranchi(24-25).D

TATA
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत पताः 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013
शाखा का पताः टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल। गायत्री एन्क्लेव। के - रोड बिस्टुपुर जमशेदपुर झारखंड-831001

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना
(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के तहत)

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के साथ पठित है। इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से नीचे दिए गए उधारकर्ता और/सह-उधारकर्ता, या विशेष रूप से उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (उधारकर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) को गिरवी रखी गई है। जिसका कब्ज़ा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 11-11-2024 को जैसा है जहां है और जैसा है जो है और जो कुछ भी है और बिना किसी सहारा आधार के बेचा जाएगा। नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और सह-उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे किया गया है कि, बिक्री के किसी भी स्थगन/बंद होने की स्थिति में, उक्त सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। दोपहर 2.00 बजे ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। उक्त दिनांक 11-11-2024 को। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी के डिमांड ड्राफ्ट वाला सीलबंद लिफाफा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को 09-11-2024 को शाम 5.00 बजे तक शाखा के पते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल। गायत्री एन्क्लेव। के-रोड बिस्टुपुर जमशेदपुर झारखंड-831001 सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री नीचे वर्णित संक्षिप्त विवरण के अनुसार जहाँ है जैसी है के आधार पर होगी;

क्र.	ऋण खाता संख्या और शाखा	उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं का नाम, कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि/गारंटर	डिमांड नोटिस के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि	कब्जे के प्रकार
1.	10486928	श्री अरुण कुमार विजय, श्रीमती दीपिका विजय, श्री अमन विजय	रु. 44,37,335/– (चवालीस लाख सैंतीस हजार तीन सौ पैंतीस रुपये मात्र)	रु. 35,40,000/– (पैंतीस लाख चालीस हजार रूपये मात्र)	रु. 3,54,000/– (तीन रूपये) लाख चौवन हजार मात्र)	भौतिक

अचल संपत्ति का विवरणः अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल, एक फ्लैट नंबर- ए-3, तीसरी मंजिल पर, 1427 वर्ग फीट के क्षेत्र को मापने वाला सुपर निर्मित क्षेत्र) या अधिक रांची नगर निगम के पुराने वार्ड नंबर-7, नए वार्ड नंबर-19 के नगर निगम होल्डिंग नंबर-1447/ए-1 के निर्माणाधीन बासुकीनाथ भवन की भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से सहित भूतल में एक कार पार्किंग की जगह कम है।, नगरपालिका सर्वेक्षण प्लॉट संख्या-2211 पर स्थित, ग्राम कोनका, मुहल्ला थरपखना, उधव बाबू स्ट्रीट, रांची, पुलिस स्टेशन-लालपुर, थाना-198, जिला रांची, राज्य झारखंड

नीलामी में, आम तौर पर जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है, अन्यथा अचल संपत्ति अनुसूची के अनुसार बेची जाएगी। ई-नीलामी रोक दी जाएगी यदि उपरोक्त देय राशि, ब्याज और लागत (बिक्री की लागत सहित) के साथ प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत की जाती है या उसकी संतुष्टि के लिए सबूत दिया जाता है कि ऐसे सुरक्षित ऋण, ब्याज और लागत की राशि है नीलामी की तारीख से पहले भुगतान किया गया। हालाँकि, कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, जिसका इस बिक्री के संबंध में कोई कर्तव्य है, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची गई अचल संपत्ति में किसी भी हित के लिए बोली नहीं लगाएगा, अधिग्रहण नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

ध्यान दें: संपत्तियों की ई-नीलामी पोर्टल http://bankauctions.in/ के माध्यम से 11-11-2024 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच 5 मिनट के सीमित विस्तार के साथ होगी।

नियम और शर्तें: 1. नीचे दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताए गए हैं, लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। बोली की राशि या बोली लगाने वाले के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, अचल संपत्ति को प्राधिकृत अधिकारी के विवेक के अधीन एक बार फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा। 2. अचल संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। 3. बोली वृद्धि राशि होगी-रु. 10,000/- (केवल दस हजार रुपये)। 4. संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ ऊपर बताए अनुसार बयाना राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न की जाएगी। शाखा के पते पर देय. नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जाएंगे। एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। 5. उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोली लगाने वाला घोषित किया जाएगा, बशर्ते कि वह बोली लगाने के लिए कानूनी रूप से योग्य हो और शर्त यह है कि बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। यह प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा कि वह उच्चतम बोली को स्वीकार करने से इंकार कर दे, जब प्रस्तावित कीमत इतनी स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत हो कि ऐसा करना अनुचित हो जाए। 6. दर्ज किए गए कारणों से, बिक्री को स्थगित/बंद करना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर होगा। 7. अचल संपत्ति का निरीक्षण 28-10-2024 को सुबह 11 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर किया जा सकता है। 8. सफल बोलीदाता के रूप में घोषित व्यक्ति को, ऐसी घोषणा के तुरंत बाद, खरीद राशि/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत, जिसमें ईएमडी राशि भी शामिल होगी, प्राधिकृत अधिकारी को 24 घंटे के भीतर जमा करना होगा और ऐसी जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर संपत्ति, निजी संधि द्वारा तुरंत नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। 9. यदि प्रारंभिक जमा ऊपर बताए अनुसार किया जाता है, तो देय खरीद राशि की शेष राशि क्रेता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 वें दिन या उससे पहले भुगतान की जाएगी, सिवाय इसके कि ऐसा दिन, या यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश हो, तो 15वें दिन के बाद पहला कार्यालय दिवस।

10. ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर किसी भी भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री में रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता संपत्ति पर सभी दावे खो देगा। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को ज्ञात किसी भी बाधा का विवरण, जिसके लिए संपत्ति उत्तरदायी है-उपरोक्त तालिका के अनुसार। दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण-उपरोक्त तालिका के अनुसार। इच्छुक बोली लगाने वाले को सलाह दी जाती है कि वे संपत्ति कर, बिजली आदि की वैधानिक देनदारियों सहित संपत्ति पर बाधाओं के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करें।. 12. किसी अन्य विवरण के लिए या ई-नीलामी पर प्रक्रिया ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स से संपर्क कर सकते हैं। 4क्लोजर, ब्लॉक नंबर 605 ए, 6वीं मंजिल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद - 500038 अपने समन्वयकों कर्नाटक और गोवा, मोब के माध्यम से। नंबर 8142000809, srinivas@bankauctions.in और तेलंगाना और एपी मोबाइल नंबर 8142000064, photo@bankauctions.in और ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, पूर्वोत्तर राज्य मोबाइल नंबर 814200030, pradhan@bankauctions.in और तमिलनाडु और केरल मोबाइल नंबर 8142000735, dinesh@bankauctions.in और दिल्ली, एनसीआर, पंजाब, गुजरात, हरियाणा और उत्तरी राज्य मोबाइल नंबर 9515160064, photo@bankauctions.in और महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश मोबाइल नंबर 8142000725, Arigit@bankauctions.in और ईमेल करें। : info@bankauctions.in या मनीष बंसल, ईमेल आईडी manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर 8588983696। कृपया अपना प्रश्न व्हाट्सएप नंबर - 9999078669 पर भेजें। 13. 1% का टीडीएस लागू होगा और उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा देय होगा। उच्चतम घोषित बोली राशि से अधिक। भुगतान को उच्चतम बोली लगाने वाले को मालिक/उधारकर्ता के पैन में जमा करना होगा और चालान की प्रति हमारी कंपनी को जमा करनी होगी। 14. उपरोक्त विवरण के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट http://surl.li/bljigi पर दिए गए नीचे दिए गए लिंक को देखें। 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएँ: https://www.tatacapital.com/property-disposal.html

कृपया ध्यान दें : टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल/एजेंट को नियुक्त नहीं किया है। इच्छुक पार्टियों को इस मामले में सभी प्रश्नों और पूछताछ के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत अधिकारी से संपर्क करना चाहिए।

स्थानः राँची
दिनांक-25-10-2024
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।